(i) Printed Pages : 4 Roll No. ....

(ii) Questions : 8

Sub. Code : | 0 | 2 | 0 | 8 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 3 |

B.A./B.Sc. (General) 3rd Semester

(2123)

HINDI

Paper—Elective

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। भाषा की शुद्धता का ध्यान रखें।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) देखी मैंने आज जरा!
हो जाएगी क्या ऐसी ही मेरी यशोधरा ?
हाय! मिलेगा मिट्टी में यह वर्ण-सुवर्ण खरा ?
सूख जाएगा मेरा उपवन, जो है आज हरा ?

(ii) सोती थी
जाने कहो कैसे प्रिय-आगमन वह ?
नायक ने चूमे कपोल,
डोल उठी वल्लरी की लड़ी जैसे हिंडोल!
इस पर भी जागी नहीं,
चूक क्षमा मांगी नहीं,
निद्रालस बंकिम विशाल नेत्र मूंदे रही—
किंवा मतवाली थी यौवन की मदिरा पिए,
कौन कहे ? 8

(ख) मैथिलीशरण गुप्त की 'बन्दा-वैरागी' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए ?

अथवा

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ? 10

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"राजनीति को भी नौकरशाही ने बेहूदा बनाया। यहाँ इस तरह नौकरी की परिकल्पना अंग्रेजों की थी। गुलामों पर गुलामों से शासन कराना और जिंदगी की सहज धार को हर मोड़ पर लाल फीते से बाँध देना।''

अथवा

'बाई इलेक्शन' में सरकारी पार्टी के उम्मीदवार गयादत्त की जो जीत हुई है, मंत्री जी ने मुझ से कहा, "पार्टी को जरा भी उम्मीद न थी कि हमारी जीत होगी, पर मिस्टर राजन, आपकी मदद ने जो कमाल दिखाया, हमें उससे बेहद खुशी हुई... आपका कमिश्नर होना मुबारक हो।'' 5

(ख) मिस्टर अभिमन्यु नाटक के आधार पर राजन पर प्रकाश डालिए?

अथवा

मिस्टर अभिमन्यु वर्तमान भारतीय जीवन की त्रासदी का यथार्थ चित्र है। स्पष्ट कीजिए ? 8

3. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द-सीमा 50 है।)

(i) आर्यभाव शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए ?

(ii) 'प्रकृति के यौवन का श्रृंगार करेंगे कभी न बासी फूल' काव्य पंक्ति का भावार्थ बताएं ?

(iii) 'वीणा वादिनी वर दे' शीर्षक कविता में कवि अपने लिए कौन-सा वरदान मांगता है ?

(iv) आज के अभिमन्यु की विवशता क्या है ?

(v) पौराणिक अभिमन्यु राजन से किस प्रकार भिन्न था ?

(vi) गयादत्त के चरित्र की दो विशेषताएं बताइए ? $3 \times 3 = 9$

4. रीतिकालीन परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ?

अथवा

रीतिकाल के नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए ? 8

5. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
(i) 'जुही की कली' किस कवि की कौन-सी रचना में से ली गई है?
(ii) 'आँसू' शीर्षक कविता किस कवि की रचना है ?
(iii) 'दो मित्र' शीर्षक कविता में पंत जी ने क्या कहना चाहा है?
(iv) 'रानी और कानी' किस काव्यधारा की कविता है ?
(v) दो महाकाव्यों के नाम बताइए ?
(vi) मिस्टर अभिमन्यु नाटक के रचयिता का नाम क्या है ?
(vii) मिस्टर अभिमन्यु नाटक का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था ?
(viii) गयादत्त किसकी हत्या करता है ?
(ix) राजन की पत्नी कैसी नारी थी ?
(x) मिस्टर अभिमन्यु नाटक में नायक के पिता जी का व्यवसाय क्या था?
(xi) रीतिकाल में कितने प्रकार के काव्य की रचना हुई है ?
(xii) केशव कौन से राजा के दरबारी कवि थे ?
(xiii) प्रेम की पीर का कवि किसे कहा जाता है ?
(xiv) आगरा में कवि बिहारी की भेंट हिन्दी के किस प्रसिद्ध कवि से हुई ?
(xv) किन्हीं दो रीतिबद्ध कवियों के नाम बताइए ? 10

6. नाटक के तत्वों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ?

अथवा

नाटक के वर्गीकरण पर विस्तार से प्रकाश डालिए ? 7

7. (क) निम्नलिखित समाकृति भिन्नार्थक शब्द-युग्मों में से किन्हीं तीन का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :
आदि-आदी, कुल-कूल, कर्म-क्रम, और-ओर।
(ख) स्वर संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट समझाएं ?
(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए:
वेदांत, हिमालय, भानूदय, महोत्सव।

(घ) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से किन्हीं तीन को शुद्ध कीजिए

पत्थर में भी अनिल होती है।

अध्यन से ज्ञान बढ़ता है।

हमारा नाक में दम है।

मैं अपने मित्र को मिला।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश में से उचित स्थानों पर विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए- उपनिषदों का कथन है केवल ऐसे प्रशान्त पुरुषों को ही सुख मिलता है जो उस एक तत्व को अपने अन्दर जान लेते है जो विश्व में बहुत रूपों में अपने को प्रकट करता है यही मनुष्य का अंतिम लक्ष्य है कि वह सत्य की खोज करें।

3×5=15

8. निम्नलिखित तकनीकी शब्दावली में से किन्हीं दस शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Acceptance, Article, Ban, Ballot, Audit, Cabinet, Candidate, Custody, Design, Faculty, Index, Grant, Major, Public, Tender.

10